आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार दिनांक 16.02.2025

मुख्य समाचारः–

1– त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पहले चरण के तहत कल राज्य के तिरपन विकासखंडों में डाले जाएंगे वोट।

2– कल होने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर बस्तर संभाग के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में किए गए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।

3– नॉर्वे में आयोजित पैरा–आर्म रेसलिंग कप में छत्तीसगढ़ के पैरा–एथलीट श्रीमंत झा ने पचासी किलोग्राम वर्ग में सिल्वर पदक हासिल किया।

और

4– मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम और अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर जारी रहेगा।

.........

त्रिस्तरीय–पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण के तहत कल सत्रह फरवरी को राज्य के तिरपन विकासखंडों में वोट डाले जाएंगे। इसके लिए नौ हजार आठ सौ तिहत्तर मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान सुबह

सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा। सिर्फ बस्तर संभाग के लिए सुबह छह बजके पैंतालीस मिनट से दोपहर दो बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कल सत्रह फरवरी को पहले चरण का मतदान संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण कर रवाना किया गया। मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से हो इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए हैं। पंचायत चुनाव के तहत तीनों चरण के मतदान बैलेट पेपर से होंगे। पहले चरण में कुल संतावन लाख निन्यानवे हजार छह सौ साठ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें अट्ठाईस लाख सत्तर हजार आठ सौ उनसठ पुरूष और उनतीस लाख अट्ठाईस हजार सात सौ इंक्यावन महिला और तृतीय लिंग के पचास मतदाता शामिल हैं।

दूसरे चरण के तहत बीस फरवरी को प्रदेश के तैंतालीस विकासखंडों में मतदान कराया जाएगा। इसी तरह, तीसरे चरण में तेईस फरवरी को राज्य के पचास विकासखंडों में मतदान कराया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान संपन्न होने के दिन ही मतदान केन्द्रों में मतगणना भी होगी।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के चार सौ तैंतीस, जनपंद पंचायत सदस्य के दो हजार नौ सौ तिहत्तर, सरपंच के ग्यारह हजार छह सौ बहत्तर और वार्ड पंच के एक लाख साठ हजार एक सौ अस्सी पदों पर चुनाव के लिए मतदान कराया जाएगा। पंचायत चुनाव के लिए कुल इकतीस हजार इकतालीस मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें सात हजार एक सौ अट्ठाईस संवेदनशील और दो हजार एक सौ इकसठ अति–संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं।

समाचार डेस्क, आकाशवाणी, रायपुर

निर्वाचन आयुक्त–अपील

इस बीच, राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कल होने वाले चुनाव के लिए मतदाताओं से शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील की है।

पंचायत चुनाव–सुरक्षा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कल होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए बस्तर संभाग के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

बस्तर जिले के पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि दो विकासखंड – दरभा और जगदलपुर में चुनाव होने हैं, जिसके लिए सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

वहीं, कांकेर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई कल्याण ऐलेसेला ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि जिले के तीन विकासखंडों में से कुछ माओवाद प्रभावित विकासखंडों में सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं।

कोंडागांव जिले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र पटेल ने बताया बताया कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

नगरीय निकाय चुनाव–वोट फीसदी

प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को महापौर और अध्यक्ष पद के लिए करीब छप्पन प्रतिशत मत मिले हैं। जबकि कांग्रेस को इकतीस प्रतिशत से अधिक वोट मिल पाए। वहीं, भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को लगभग सैंतालीस प्रतिशत और कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों को लगभग तैंतीस प्रतिशत मत हासिल हुए हैं।

प्रदेश में इस बार अध्यक्ष और महापौर पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया गया। जबकि पिछली बार अध्यक्ष–महापौर पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुआ था। इस बार प्रदेश के जिन दस नगर निगमों में चुनाव हुए हैं, उन सभी में महापौर पद पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई है। वहीं, प्रदेश के उनचास नगरपालिकाओं में से पैंतीस तथा एक सौ चौदह नगरपंचायतों में से इक्यासी में भी भाजपा उम्मीदवार जीते हैं।

निलंबन

चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वाले कोरिया जिले के सोनहत तहसील के दो कर्मचारियों प्रणव भट्टाचार्य और रामसेवक सिंह ध्रुवें को निलंबित कर दिया गया है।

वहीं, बलौदाबाजार में भी चुनाव काम में लापरवाही बरतने वाले दो सौ छिहत्तर शिक्षकों और कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। ये सभी कर्मचारी मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये थे। कलेक्टर दीपक सोनी ने नोटिस भेजकर चौबीस घंटे के अंदर जवाब देने के निर्देश दिये हैं।

दुर्घटना

कोरबा जिले के ग्राम डोडकाखार के पास आज एक ट्रक की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राखड़ डेम से राख लोड कर उरगा की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने डोडकाखार के पुल के पास बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। बाद में प्रशासन की समझाईश के बाद चक्काजाम को समाप्त किया गया।

इधर, राजधानी रायपुर के आरंग क्षेत्र के पारागांव के पास आज सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग में दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में ट्रेलर चालक की जलकर मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक जिप्सम से भरे ट्रक का टायर फटने के कारण ड्राइवर और खलासी वाहन से नीचे उतरे हुए थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रेलर ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी।

उधर, राजनांदगांव जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग में पारींकला के पास कल रात कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में छह लोग घायल हो गए हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ठगी आरोपी–गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर पांच करोड़ रूपए से ज्यादा की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते उनतीस जनवरी को अंजना गहिरवार नामक युवती ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,

जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में अबतक लगभग पच्चीस से अधिक पीड़ितों की पहचान की जा चुकी है। पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों के लगभग पन्द्रह लाख रूपये होल्ड कराए हैं।

टीबी मुक्त भारत अभियान

केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सौ दिवसीय ''टीबी मुक्त भारत अभियान'' के तहत बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक कर टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर रेलमंडल के वाणिज्य प्रबंधक अनुराग सिंह शामिल हुए।

श्रीमंत झा–सिल्वर पदक

नॉर्वे में आयोजित पैरा–आर्म रेसलिंग कप में छत्तीसगढ़ के पैरा–एथलीट श्रीमंत झा ने पचासी किलोग्राम वर्ग में सिल्वर पदक हासिल किया है। तेरह से पन्द्रह फरवरी के बीच आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक जीता। श्रीमंत भिलाई के रहने वाले हैं। उन्होंने इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं और कई स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बार फिर हवा की दिशा बदलने के करण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर जारी रहेगा। अट्ठारह फरवरी के बाद

न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की कोई सम्भावना नहीं है। प्रदेश में कल मौसम शुष्क रहेगा।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– मुंगेली जिले की लोरमी पुलिस ने अवैध गांजा परिवहन करते हुए नाबालिग सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब छियासी किलो गांजा बरामद किया गया है।

और

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी कृष्णा राजपूत पुलिस ने मिरौनी डेम से गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>